# कुशीनगर एयरपोर्ट को बेहतर बनाएं

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए खुद पहुंचे सीएम

कुशीनगर। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पर बने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लोकार्पण को अभूतपूर्व बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारी का खुद जायजा लिया। मंगलवार को वह हेलिकॉप्टर से एयरपोर्ट पर उतरे। वहां उन्होंने टर्मिनल बिल्डिंग में जिला प्रशासन, एयरपोर्ट अथॉरिटी और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसके बाद सड़क मार्ग से मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंचकर वहां पूजा-अर्चना करने के बाद बरवां फॉर्म पहुंचे। सभास्थल पर प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारी का जायजा लिए।

तथागत बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की कमान खुद संभाल ली है। अभी आठ अक्तूबर को उन्होंने गोरखपुर सर्किट हाउस में कुशीनगर के जनप्रतिनिधियों के साथ तैयारी बैठक की थी। इसके बाद अचानक मंगलवार को खुद प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचे। उन्होंने पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों से जुड़े हर पहलू का जायजा लिया।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने महापरिनिर्वाण मंदिर में चीवर चढ़ाया। -संवाद

### 20 अक्तूबर को प्रधानमंत्री करेंगे कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण

पीएम मोदी 20 अक्तूबर को कुशीनगर में प्रदेश के पांच में से तीसरे क्रियाशील इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण करने के साथ ही जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निरीक्षण किया और लोकार्पण समारोह की व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की।

### तथागत के मंदिर पहुंचे सीएम, चढ़ाया चीवर

एयरपोर्ट पर निरीक्षण और समीक्षा बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सड़क मार्ग से भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पर बने मुख्य मंदिर पहुंचे। उन्होंने तथागत की शयनमुद्रा वाली बुद्ध प्रतिमा का दर्शन-पूजन किया। चीवर चढ़ाकर परिक्रमा की।